दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू
सत्र (2019 – 2020)
पुनरावृत्ति पत्रिका
( अर्धवार्षिक परीक्षा )

[कक्ष]ा : पाँचवीं
विषय : हिंदी

उपविषय :– पाठ–3 कुम्हार का गधा, पाठ–4 मेरी अंतिम अभिलाषा, पाठ–5 चोर का बलिदान, पाठ–6 मुझको आवाज़ लगाना (कविता), पाठ–7 संयम का महत्व

व्याकरण :– **सर्वनाम भेदों सहित, वचन, विलोम, विशेषण भेदों सहित, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, संज्ञा भेदों सहित, अनुच्छेद लेखन, पत्र लेखन, अपठित गद्यांश, अपठित काव्यांश, पठित गद्यांश**

प्र01. **निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–**

भारत कृषि प्रधान देश है। भारत की लगभग सत्तर प्रतिशत आबादी कृषि–कार्य में लगी हुई है। भारतीय किसान का जीवन परिश्रम से पूर्ण है। चाहे गरमी हो, सरदी हो या बारिश, वह सुबह से शाम तक खेतों में कठिन परिश्रम करता है। अधिकांश भारतीय किसान निर्धन हैं। भारत एक विकासशील देश है। भारत विद्युत और सिंचाई के क्षेत्र में पिछड़ा हुआ है। सिंचाई के अभाव में भारत के किसान वर्षा पर निर्भर रहते हैं। इस प्रकार भारत की कृषि वर्षा पर ही निर्भर है। यदि वर्षा अच्छी होती है तो फसल भी खूब अच्छी होती है। यदि वर्षा कम होती है तो फसल सूख जाती है और किसानों की सारी मेहनत बेकार चली जाती है। उन्नत बीजों रासायनिक खाद के महँगा होने के कारण भारतीय किसान अधिक उत्पादन नहीं कर पाता। भारतीय किसान कड़ी मेहनत और साहस से भारतीय लोगों को अनाज व अन्य खाद्य सामग्री उपलब्ध करा रहे हैं। भारत में किसान को अन्नदाता कहा जाता है।

(क) **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–**

1) किसान किस मौसम में कठिन परिश्रम करता है ?
2) किसान की मेहनत किस प्रकार बेकार जाती है ?

(ख) **निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिए :–**

1) किसान – खेतीहर , सुनार
2) वर्षा – बारिश , सूखा

(ग) **सही ( √ ) या गलत ( × ) का निशान लगाएँ :–**

1) भारतीय किसान का जीवन परिश्रम से पूर्ण है। (   )
2) भारत में किसान को खेलदाता कहा जाता है। (   )

(घ) **सही विकल्प चुनकर लिखिए :–**

1) भारत की कितने प्रतिशत आबादी कृषि–कार्य में लगी हुई है ?
(अ) सत्तर प्रतिशत (ब) दस प्रतिशत
2) सिंचाई के अभाव में भारत के किसान किस पर निर्भर रहते हैं ?
(अ) वर्षा पर (ब) बीज पर

प्र02. **निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–**

मज़े–मज़े में गाता चल,
जीवन सफल बनाता चल।
पथ में पथिक न हिम्मत हार,
बाधाओं को ठोकर मार।
अंधकार यदि रोके राह,
मत करना उसकी परवाह।
पथ में दीप जलाता चल,
मज़े–मज़े में गाता चल,
हाथ में लेकर नई किताब,
हर सवाल का खोजा जवाब।
निर्भय कदम बढ़ाता चल,
मज़े–मज़े में गाता चल,

(क) **सही विकल्प चुनकर लिखिए :–**

1) कवि ने किसे सफल बनाने की बात कही है ?

(अ) जीवन को (ब) खेल को (स) पढ़ाई को

2) पथ में पथिक को क्या नहीं हारना चाहिए ?

(अ) हिम्मत (ब) धन (स) प्राण

3) राह पर चलते समय किसकी परवाह नहीं करनी चाहिए ?

(अ) अंधकार की (ब) रोशनी की (स) तूफ़ान की

4) पथ पर क्या जलाते चलना चाहिए ?

(अ) दीप (ब) कागज़ (स) लकड़ी

5) कवि ने निर्भय होकर क्या बढ़ाने को कहा है ?

(अ) कदम (ब) हाथ (स) सिर

(ख) **निम्नलिखित शब्दों के समान तुक वाले शब्द लिखिए :–**

(क) राह – (ख) हार

प्र०3. **निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–**

मुझे उस उत्तराधिकार पर गर्व है जो हमें प्राप्त हुआ है। मैं इस बात को भी भली–भाँति समझता हूँ कि मैं भी औरों की तरह उस अटूट श्रृंखला की एक अटूट कड़ी हूँ जो स्मृति के सहारे भारत के अतीत में इतिहास के उषा–काल तक चली जाती है। उस श्रृंखला को मैं कभी तोड़ना नहीं चाहूँगा क्योंकि मैं उसे बहुत बड़ी निधि मानता हूँ और उससे प्रेरणा ग्रहण करता हूँ। अपनी इस अभिलाषा की पूर्ति के लिए और भारत के सांस्कृतिक उत्तराधिकार के प्रति अपनी अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित करने की इच्छा से मैं प्रार्थना करता हूँ कि मेरे भस्म से मुट्ठीभर इलाहाबाद के पास गंगा में प्रवाहित कर दिया जाए जिससे कि वह उस महासागर तक पहुँच जाए। मैं चाहता हूँ कि मेरे भस्म का शेष भाग विमान द्वारा ऊपर से उन खेतों में बिखेर दिया जाए जहाँ भारत के किसान कड़ी मेहनत करते हैं ताकि वह भस्म भारत की धूल और मिट्टी में मिलकर भारत का अभिन्न अंग बने।

(क) **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–**

1) नेहरुजी किस श्रृंखला को नहीं तोड़ना चाहते ?

2) नेहरुजी ने अपनी भस्म के शेष भाग के लिए क्या कहा ?

(ख) **सही ( √ ) या गलत ( × ) का निशान लगाएँ :–**

1) मेरे भस्म से मुट्ठीभर इलाहाबाद के पास गंगा में प्रवाहित कर दिया जाए। (    )

प्र०4. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–**

(क) दूसरे ठग ने बूढ़े का गधा चुराने के लिए क्या तरकीब बताई ?

(ख) अपने दाह–संस्कार के संबंध में नेहरुजी ने क्या इच्छा प्रकट की ?

(ग) दोनों दोस्तों को अपने तीसरे दोस्त का कौन–सा उपाय पसंद आया ?

(घ) जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए क्या आवश्यक है ?

प्र०5. **निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए :–**

(क) तेरे दरवाज़े ____________

____________ प्रहरी हूँ।

तेरे घर के ____________

____________ गहरी हूँ।

(ख) मेरे रहते ____________

____________ हूँ।

संकट कोई ____________

____________ लगाना ।

निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :–

मैं काफ़ी देर से आपके जगने का __________ कर रहा हूँ।

भस्म का कुछ भी भाग न तो बचाया जाए, न ______________ रखा जाए।

(ग) एक झाड़ी के पीछे एक ________________ खड़ा होकर उनकी बातें सुन रहा था।

(घ) खान–पान पर पूरा ______________ रखकर ही हम स्वस्थ रह सकते हैं।

प्र०7. **निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए :–**

(क) व्यर्थ (ख) संपन्न (ग) अभिभूत (घ) कमाल (ङ) योग्य (च) सराहा

प्र०8. **सही विकल्प चुनकर लिखिए :–**

1) ठग ने अपने पिता को क्या कहा ?

(अ) ज्ञानी (ब) जादूगर

2) सबसे तेज गति से गमन करता है –

(अ) मन (ब) हवा

प्र०9. **किसने, किससे कहा ?**

(क) "धीरे बोल, बूढ़ा जग जाएगा।"

(ख) "भाइयो, मैं एक यात्री हूँ।"

प्र०10. **निम्नलिखित शब्दों की संधि करो :–**

(क) विद्या + अर्थी (ख) सम् + यम

प्र०11. **निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्दों के भेद लिखिए :–**

(क) शिवाजी एक वीर योद्धा थे।

(ख) बच्चों की टोली खेलने निकली।

(ग) महिला मंदिर में भजन गा रही है।

प्र०12. **कोष्ठक में दिए गए शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाकर रिक्त स्थान भरिए :–**

(क) कठोर परिश्रम से ही __________________ प्राप्त होती है। (सफल)

(ख) प्रदूषण के कारण मेरा __________________ खराब हो गया। (स्वस्थ)

(ग) रावण अपने __________________ के कारण मारा गया। (अंह)

प्र०13. **निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित सर्वनाम शब्दों के भेद लिखिए :–**

(क) हमें अपना कार्य स्वयं करना चाहिए।

(ख) आपको बगीचे में कोई बुला रहा है।

(ग) जो जैसा करता है, वो वैसा फल पाता है।

प्र०14. **रेखांकित सर्वनाम शब्दों के सही भेद चुनकर लिखिए :–**

(क) यह लाल पुस्तक किसने फाड़ी ?

अ) प्रश्न वाचक ब) निज वाचक

(ख) तुम्हारा भाई तबला बजा रहा है।

अ) निश्चय वाचक ब) पुरुष वाचक

(ग) वह मेरा बस्ता है।

अ) निश्चय वाचक ब) प्रश्न वाचक

प्र०15. **निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित विशेषण शब्दों के भेद लिखिए :–**

(क) चतुर लोमड़ी चुपचाप खड़ी है।

(ख) सड़क पर दो घुड़सवार जा रहे हैं।

(ग) गिलास में थोड़ा दूध है।

प्र०16. **रेखांकित विशेषण शब्दों के सही भेद चुनकर लिखिए :–**

(क) मुझे पाँच किलो आटा देना।
अ) परिमाण वाचक ब) गुण वाचक

(ख) कुछ बच्चे दौड़ रहे हैं।
अ) संख्या वाचक ब) सार्वनामिक

(ग) यह पुस्तकालय बहुत बड़ा है।
अ) गुण वाचक ब) सार्वनामिक

प्र०17. **निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के विलोम लिखिए :–**

(क) हमें सभी से कटु वाणी में बात करनी चाहिए।
(ख) निर्धन सेठ ने सबको भोजन खिलाया।
(ग) महेश को इस साल व्यापार में हानि हुई।

प्र०18. **रेखांकित शब्दों के उचित विलोम से रिक्त स्थान भरिए :–**

(क) हम सभी का दिल प्रेम से जीत सकते हैं ____________ से नहीं।
(ख) मेरी दादीजी प्रातः और ____________ मंदिर जाती हैं।
(ग) गाँधीजी हमेशा धर्म का साथ देते थे ________ का नहीं।

प्र०19. **निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :–**

(क) दिल्ली में कई दर्शन करने योग्य स्थल हैं।
(ख) मेरे दादाजी ईश्वर को मानते हैं।
(ग) राघव का गाँव में रहने वाला मित्र आया है।

प्र०20. **रेखांकित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखकर रिक्त स्थान भरिए :–**

(क) मोहन सभी से मीठा बोलता है, वह तो ____________ है।
(ख) शरद पैसे कम खर्च करता है, वह ____________ है।
(ग) इन संतरों में बिल्कुल रस नहीं है, ये तो ____________ हैं।

प्र०21. **निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य पुनः लिखिए :–**

(क) माँ ने दिवाली पर मिठाई बनाई।
(ख) सागर को कविता लिखना अच्छा लगता है।
(ग) महिला भजन गा रही है।

प्र०22. **कोष्ठक में दिए गए शब्दों के वचन बदलकर रिक्त स्थान भरिए :–**

(क) आज माँ ने मेरी मनपसंद ____________ बनाई हैं। (सब्ज़ी)
(ख) इस मिठाई पर ____________ बैठी हैं। (मक्खी)
(ग) ____________ बगीचे में खेल रहे हैं। (बच्चा)

प्र०23. **"त्योहारों का देश भारत" विषय पर सहायक सूची की सहायता से एक अनुच्छेद लिखिए :–**

सहायक सूची – त्योहार, मिल–जुल कर, मिठाइयाँ, सजावट, बाज़ार, रौनक, घर, साफ़–सफ़ाई, उपहार, उत्साह, आनंद, एकता का प्रतीक

प्र०24. अपने मित्र को कक्षा में प्रथम आने पर बधाई पत्र लिखिए।